पत्र सूचना शाखा
(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मुख्यमंत्री ने चेटी चन्द के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

लखनऊ : 18 मार्च, 2026

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने चेटी चन्द के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों, विशेषकर सिंधी समाज के सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि चेटी चन्द का पर्व भारतीय संस्कृति की समृद्ध परम्परा, आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह दिवस भगवान झूलेलाल जी की जयन्ती के रूप में मनाया जाता है, जिन्होंने मानवता, सद्भाव और एकता का संदेश देकर समाज को नई दिशा प्रदान की।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भगवान झूलेलाल जी का जीवन हमें विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य, विश्वास और परस्पर सहयोग के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उनका संदेश वर्तमान समय में और भी अधिक प्रासंगिक है, जब समाज को एकता, सौहार्द और सकारात्मक सोच की आवश्यकता है।

चेटी चन्द का यह उत्सव नववर्ष के रूप में भी नई शुरुआत, नई आशाओं और नव संकल्पों का प्रतीक है। यह पर्व हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करते हुए उसे सहेजने और आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है।

मुख्यमंत्री जी ने कामना की कि यह पावन अवसर सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए तथा प्रदेश निरन्तर विकास और प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे।

\-\-\-\-\-\-\-\-

PN-CM-Greetings-Cheti Chand Jhulelal Jayanti-18 March, 2026